हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 8 सितंबर 2026

04 पांच पापों में सबसे बड़ा पाप परिग्रह, इस पर नियंत्रण...



07 सागर जिले में जहरीली शराब से 22 की मौत के बाद, जिले में प्रशासन सक्रिय



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

चेतना साहित्य एवं कला परिषद द्वारा बैठक आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

गुना। चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना की बैठक आशीर्वाद भवन नयापुरा में आयोजित की गई जिसमें तरन्नुम में ग़ज़ल गाने वाले वरिष्ठ शायर सलाउद्दीन शिकवा का स्वर्गवास हो जाने पर उनकी मृतात्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को इस संकट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शिकवा बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे उनकी कमी हमेशा कवि गोष्ठी में खलेगी। बैठक में विष्णु साथी, प्रेम सिंह प्रेम, रामवीर शर्मा, डाक्टर अशोक गोयल,राम जीवन भार्गव, उमाशंकर भार्गव, हरीश सोनी,राजेश जैन कपूर, सुनील शर्मा चीनी,अभिनंदन मडवरिया, निरंजन भाया कसेरा, धर्मवीर सिंह ,जे पी शर्मा,मती कीर्ति मोरोलिया, ज्योति विश्वकर्मा, सुश्री फरीदा बानो खामोश गुनावी,मती संतोष ब्रह्मभट्ट, रवि शर्मा बंजारा, संजय खरे,रेखा खरे उपस्थित रहे।

विहिप स्थापना दिवस पर जुटे कार्यकर्ता रामदरबार के पूजन से हुआ शुभारंभ



गुना । विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को निजी होटल, स्टेशन रोड, गुना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन जिला सह संयोजक गौरव कुशवाह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान रहे एवं प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, विभाग मंत्री दिलीप कुशवाह, उपस्थित रहे। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उद्देश्य उपलब्धियां संगठन के कार्यों और हिंदू समाज के प्रति दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया साथ हिन्दू समाज के सामने खड़ी चुनौतियों के बारे में बताया जैसे लव जिहाद, लैंड जिहाद , जनसंख्या असंतुलन युवाओं को नशे की लत लगाने जैसे षड्यंत्र चल रहे है । इस अवसर पर विहिप जिला अध्यक्ष इमरत सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा, जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सह मंत्री रामप्रसाद शर्मा, राजेंद्र कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गौड़, सेवा प्रमुख बंटी रघुवंशी, उपस्थित रहे।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

गुना। मध्यप्रदेश तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ की गुना जिला कार्यकारिणी का प्रांतीय अनुमोदन के पश्चात पुनर्गठन कर दिया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी ने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रांतीय नेतृत्व की सहमति से जिला कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। घोषित नई कार्यकारिणी में अनिल तिवारी एवं यशवंत सिंह को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं राजेन्द्र हिनवार एवं सुरेन्द्र चौधरी को जिला सचिव, प्रदीप पाण्डे एवं सुदर्शन शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, अरविन्द सिंह को सह सचिव, बबलेश सिंह को कोषाध्यक्ष तथा राजेश सिंह को कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

ट्रेन में चढ़ते समय महिला का पर्स चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

गुना। शहर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते समय भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने एक महिला यात्री का लेडीज पर्स पार कर दिया। पर्स में नकदी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। पीड़िता की शिकायत पर जीआरपी थाना गुना ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना निवासी 35 वर्षीय निशा चौरसिया शिवपुरी से इंटरसिटी एक्सप्रेस द्वारा गुना पहुंची थीं।

स्पोर्ट्स टूर्नामेंट कराने की मांग को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, प्रतियोगिताएं कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना में अध्ययनरत हजारों छात्र-खिलाड़ियों के खेल भविष्य पर गहराते संकट को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा और तत्काल अंतर-महाविद्यालयीन व अंतर-विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराने या फिर खिलाड़ियों की सहभागिता को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की पुरजोर मांग की।

तीन जिलों के हजारों विद्यार्थी असमंजस में

प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय से गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के दर्जनों शासकीय व अशासकीय



महाविद्यालय संबद्ध हैं। इन तीनों जिलों के स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हजारों विद्यार्थियों में कई उच्च स्तरीय खेल प्रतिभाएं शामिल हैं। ये खिलाड़ी विश्वविद्यालय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने की क्षमता रखते हैं, लेकिन प्रशासन की अकर्मण्यता और अस्पष्ट नीतियों के कारण इस पूरे शैक्षणिक सत्र में खिलाड़ियों के सामने प्रतियोगिताओं में भाग लेने को लेकर गहरा संशय बना हुआ है।

'ना जीवाजी की अनुमति ना तात्या टोपे की व्यवस्था'

ज्ञापन में सबसे बड़ा मुद्दा यह उठाया गया कि नवगठित तात्या टोपे विश्वविद्यालय से जुड़े तीनों जिलों के खिलाड़ियों को अब जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर से आयोजित होने वाली संभाग और राज्य स्तरीय खेल स्पर्धाओं में खेलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर, तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रबंधन ने भी खुद के स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन या खिलाड़ियों की किसी वैकल्पिक भागीदारी के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं। इस ढुलमुल रवैये के कारण तीनों जिलों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर के छात्र-खिलाड़ी ठगा सा महसूस कर रहे हैं और उनका एक पूरा खेल सत्र बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गया है।

उच्च शिक्षा विभाग से समन्वय की मांग

छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से दो टूक शब्दों में मांग की है कि प्रबंधन तुरंत जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, उच्च शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समन्वय स्थापित करे। विश्वविद्यालय तंत्र तत्काल यह अधिकृत सूचना जारी करे कि इस सत्र में पंजीकृत खिलाड़ी किस माध्यम या खेल संगठन के तहत जिला, संभाग और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में मैदान पर उतरेंगे।

अपहरण-दुष्कर्म मामले में दो और गिरफ्तार

अब तक सात आरोपी जेल भेजे, दो फरार आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में कुम्भराज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे दो सह आरोपियों सोनू अहिरवार (32) और वर्षा अहिरवार (25) को गिरफ्तार किया है। दोनों को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार 5 मई को 15 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। लगातार तलाश के बाद 28 जुलाई को राजस्थान के फलौदी से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। उसके बयानों एवं जांच के आधार पर मुख्य आरोपी सहित उसके सहयोगियों के खिलाफ दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक अहिरवार सहित पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। अब दो और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कुल सात आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक होतम सिंह बघेल, सउनि रेखा नामदेव, आरक्षक दिलीप धाकड़ एवं आरक्षक दिलीप साहू की भूमिका रही।


घोसीपुरा चौराहे पर आधी रात को उपद्रव

बुलेट सवार युवक को दौड़ाकर बाइक में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित घोसीपुरा चौराहे पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे बाइक सवार कुछ अज्ञात बदमाशों ने जमकर हुड़दंग मचाते हुए दहशत फैला दी। अज्ञात आरोपियों ने चौराहे पर खड़ी एक बुलेट बाइक में खुलेआम तोडफ़ोड़ की और गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाइक पर सवार कुछ बदमाश एक युवक का पीछा करते हुए घोसीपुरा चौराहे तक पहुंचे थे। खुद को घिरता देख पीड़ित युवक अपनी बुलेट गाड़ी को सडक़ पर ही छोडक़र जान बचाकर भाग निकला। इसके बाद पीछा कर रहे उपद्रवियों ने अपना गुस्सा चौराहे पर खड़ी बुलेट पर निकाला और उसमें तोडफ़ोड़ कर दी। आधी रात को हुए इस घटनाक्रम से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक



आरोपी फरार हो चुके थे। स्थानीय लोगों द्वारा बनाए गए वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कैंट थाना पुलिस अब मामले की तफ्तीश में जुट गई है। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि पीड़ित युवक कौन था और बदमाश उसका पीछा किस वजह से कर रहे थे। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर अज्ञात हमलावरों की पहचान और तलाश में जुट गई है।

धरनावदा के आबादी क्षेत्र में भारी वाहनों का जमावड़ा, हादसों का खतरा बढ़ा

टंकी चौराहे पर घंटों खड़े रहते हैं डंपर-ट्रक सामाजिक कार्यकर्ता ने सौंपा शिकायत आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के धरनावदा कस्बे के टंकी चौराहा स्थित आबादी क्षेत्र में भारी वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। संकरे मार्गों पर रोजाना घंटों खड़े रहने वाले डंपर और ट्रकों के कारण यातायात प्रभावित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इस समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ जैन ने धरनावदा थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि टंकी चौराहे की मुख्य सड़क और घनी आबादी वाले क्षेत्र में प्रतिदिन कई डंपर एवं ट्रक कथित रूप से बिना किसी निगरानी के दो से तीन घंटे तक खड़े रहते हैं।

शिकायत के अनुसार मुख्य मोड़ पर भारी वाहनों के खड़े रहने से सामने से आने वाले छोटे वाहनों एवं



पैदल राहगीरों को रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं मार्ग बाधित होने के कारण एम्बुलेंस, स्कूली बसों और स्थानीय नागरिकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कार्रवाई की मांग

सौरभ जैन ने पुलिस प्रशासन को दिए आवेदन के साथ संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए मांग की है कि आबादी क्षेत्र में भारी वाहनों के बेतरतीब खड़े होने पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों के खिलाफ नियमों के तहत चालानी कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी क्षेत्र में भारी वाहनों की पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण होने से यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकती है और राहगीरों को भी राहत मिल सकती है।

विवेक कॉलोनी के पास अनियंत्रित कार ने स्कार्पियो में मारी टक्कर

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंद गार्डन एटीएम वाली गली के पास रविवार रात एक कार चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही स्कार्पियो को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, विवेक कॉलोनी निवासी अंकित धनखड़ अपने दोस्त शशांक शर्मा के साथ स्कार्पियो एचआर 12 एटी 2889 से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आई कार डीएल 2 एटी1330 के चालक ने उनकी गाड़ी में राइट साइड से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कार्पियो का बंपर और साइड गेट क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित की शिकायत पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

विधायक ने की घर-घर मिट्टी की मूर्ति स्थापना की अपील

गुना। पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्धन के उद्देश्य से प्रदेश भर में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तथा नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने जिलेवासियों से घर-घर मिट्टी के गणेश जी स्थापित करने की अपील की है। उन्होंने प्लास्टर ऑफ पेरिस और रासायनिक मूर्तियों का त्याग कर जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने का आग्रह किया।

ट्रैक्टर शोरूम के वार्षिक महोत्सव में वीडियो बनाने पर मारपीट

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत रसीद कॉलोनी स्थित सिद्धि विनायक ट्रैक्टर शोरूम के वार्षिक महोत्सव के दौरान वीडियो बनाने की बात को लेकर एक युवक के साथ जमकर मारपीट और तोडफ़ोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित सुजान सिंह यादव (44) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित सुजान सिंह गत रात महोत्सव में मंच के सामने बैठकर मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। तभी पास ही बैठे कपिल रघुवंशी ने गाली-गलौज करते हुए आपत्ति जताई। सुजान द्वारा वीडियो डिलीट करने की बात कहने पर भी आरोपी ने गुस्सा होकर उनका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। इसके बाद कपिल रघुवंशी, आकाश रघुवंशी और मोहित शर्मा ने मिलकर सुजान की हाथ-थप्पड़ों से पिटाई कर दी, जिससे उन्हें सिर, सीने, कान और कमर में अंदरूनी चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

जिला ओपन टेबल टेनिस स्पर्धा–2026 का भव्य समापन

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित गुना जिला ओपन टेबल टेनिस स्पर्धा–2026 का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रविवार शाम 7 बजे फ्रेंड्स टेबल टेनिस एकेडमी हॉल, सोनी कॉलोनी, गुना में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल राजीव कुमार (जे.पी. यूनिवर्सिटी) रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में दिग्विजय सिंह, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर, जे.पी. यूनिवर्सिटी तथा आनंद सिंह लोड़ा, अध्यक्ष, प्रेस क्लब गुना उपस्थित रहे। समारोह में गुना जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश विजयवर्गीय, सचिव राजेंद्र ऐबट एवं फ्रेंड्स टेबल टेनिस एकेडमी के सचिव विपिन जैन मंचासीन रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए डायनेमिक टेबल टेनिस अकादमी के कोच देवांशु जैन का मुख्य अतिथि द्वारा मंच पर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में गुना में टेबल टेनिस के बढ़ते स्तर की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की



प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के परिणाम

अंडर-13 वर्ग प्रथम — रविंद्र धाकड़, द्वितीय — दिवित अग्रवाल

अंडर-15 वर्ग- प्रथम — आदर्श किरार, द्वितीय — समर्थ अग्रवाल

अंडर-19 वर्ग- प्रथम — मलय रघुवंशी, द्वितीय — वंश मंगल

मेंस सिंगल्स- प्रथम — विपिन जैन, द्वितीय — मलय रघुवंशी

मेंस 50+ वर्ग- प्रथम — राजेंद्र ऐबट, द्वितीय — विपिन जैन

मेंस डबल्स- प्रथम — नितिन ऐबट एवं सौरभ जैन, द्वितीय — मलय रघुवंशी एवं वंश मंगल रहे।

विजेताओं को किया सम्मानित

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालनमती रिया ऐबट, संस्थापक सदस्य, फ्रेंड्स टेबल टेनिस एकेडमी ने किया। समारोह के अंत में गुना जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेश विजयवर्गीय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने गुना में टेबल टेनिस के प्रति बढ़ते उत्साह और नई प्रतिभाओं के सामने आने की तस्वीर प्रस्तुत की। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

जर्जर छात्रावासों की मरम्मत की उठी मांग

दिल्ली व बालाघाट हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दिल्ली में इमारत गिरने से हुई 6 छात्रों की मौत और बालाघाट में बीमारियों व कुपोषण से 19 बच्चों की जान जाने की घटना पर शासकीय पीजी कॉलेज गुना में छात्र संगठन डीएसओ ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। छात्रों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में डीएसओ जिलाध्यक्ष शुभम राव ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजे की मांग की। उन्होंने दिल्ली सहित सभी बड़े केंद्रों पर सुरक्षित हॉस्टल की व्यवस्था करने और गुना पीजी कॉलेज के वर्षों से बंद पड़े जर्जर गर्ल्स हॉस्टल को न्यूनतम शुल्क में तुरंत शुरू कराने की मांग उठाई। इस दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर सुरक्षित आवास और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की हुंकार भरी। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

समाचार संक्षेप

आधी रात गूंजे नंद के घर आनंद भयो के जयकारे बाल रूप के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कुंभराज। नगर के एकमात्र राधा-कृष्ण गुलाबबाई मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया तथा आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया था। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। मध्यरात्रि में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, मंदिर परिसर 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' सहित विभिन्न जयघोषों से गूंज उठा। जन्म के पश्चात भगवान की महाआरती उतारी गई और उनके प्रिय व्यंजन धनिया की पंजीरी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित रात्रि जागरण में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन नजर आए। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

पार्वती नदी तट स्थित प्राचीन भोलेनाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



कुम्भराज। श्रावण मास के पावन अवसर पर पार्वती नदी के तट पर स्थित भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर में 41 दिवसीय शिवशक्ति अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसकी पूर्णाहुति शनिवार को धार्मिक विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। अनुष्ठान की पूर्णाहुति के अवसर पर एक समाजसेवी द्वारा मां अन्नपूर्णा के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। 41 दिनों तक चले अनुष्ठान के दौरान भक्तों द्वारा भगवान शिव एवं मां शक्ति की विशेष आराधना की गई। साथ ही नियमित रूप से शिवपुराण का वाचन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शनिवार को अनुष्ठान की पूर्णाहुति के अवसर पर भूतभावन भगवान भोलेनाथ का विशेष एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ तथा शिव चालीसा का पाठ कर भगवान भोलेनाथ की महाआरती उतारी गई। श्रद्धालुओं ने भगवान की स्तुति कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से गुलाब के फूलों से सजाया गया, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं मनोहारी नजर आया। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने आयोजन में सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रवचन माला में 'पापों से कैसे बचें' विषय पर हुआ मंगल प्रवचन

पांच पापों में सबसे बड़ा पाप परिग्रह, इस पर नियंत्रण जरूरी : मुनि श्रमण सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



राघौगढ़ में ससंघ चातुर्मास कर रहे महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत आचार्य विद्यासागर सभागार में 'पापों से कैसे बचें' विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा कि जैन धर्म में पांच पाप बताए गए हैं—हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह। इन पांचों में परिग्रह सबसे बड़ा पाप है, क्योंकि परिग्रह की प्रवृत्ति ही व्यक्ति को अन्य पापों की ओर ले जाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से परिग्रह की प्रवृत्ति पर नियंत्रण रखने और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में दशलक्षण धर्म का विशेष महत्व है। उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य—ये धर्म के दस लक्षण हैं। इनमें ब्रह्मचर्य को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। व्यक्ति के भीतर विकारी भाव एवं कुदृष्टि उत्पन्न होने पर ब्रह्मचर्य का पालन कठिन हो जाता है। मुनिराज कठोर तपस्या करते हुए विपरीत लिंग के व्यक्ति के साथ एकांत में न मिलकर ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करते हैं।

मन पर नियंत्रण सबसे बड़ा तप

मुनिश्री ने जैन दर्शन में वर्णित तीन गुप्तियों—मन गुप्ति, वचन गुप्ति एवं काय गुप्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें मन का विशेष महत्व है। मन में निरंतर विचार आते रहते हैं और मन को नियंत्रित करना ही सबसे बड़ा तप है। उन्होंने भगवान आदिनाथ, भगवान बाहुबली एवं भरत चक्रवर्ती के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि आत्मसंयम एवं मन पर नियंत्रण के माध्यम से साधक आत्मज्ञान की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने इन प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मन को वश में रखने और आध्यात्मिक साधना के महत्व को समझाया। मुनिश्री ने जैन दर्शन में वर्णित आठ कर्मों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें मोहनीय कर्म प्रमुख है। जिसने मोहनीय कर्म पर विजय प्राप्त कर ली, उसके लिए अन्य कर्मों पर विजय प्राप्त करने का मार्ग भी प्रशस्त हो जाता है। प्रवचन के अंत में मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे पांच पापों से बचें, दशलक्षण धर्म का पालन करें, तीन गुप्तियों को जीवन में अपनाएं और आठ कर्मों से मुक्त होने का प्रयास करते हुए आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ें। धर्मसभा में जैन समाज रुठियाई के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार जैन 'राजू' तथा जैन मिलन अध्यक्ष अमित जैन 'शेंकी' के नेतृत्व में रुठियाई नगर पधारने का आग्रह किया। इस अवसर पर जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य के नेतृत्व में माला पहनाकर सम्मान किया गया।

श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर वरिष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघौगढ़ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तेजसिंह यादव रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल वास्त्री ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षकों का हार, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्मृति चिन्ह स्व. वल्लभ श्रीवास्तव की स्मृति में उनके परिजन आनंद श्रीवास्तव द्वारा भेंट किए गए। इस अवसर पर सितंबर माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों को भी हार पहनाकर एवं स्मृति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष आर.बी. सिंह परिहार सहित बलवीर सिंह गुर्जर, डॉ. जे.एल. द्विवेदी, प्रमोद श्रीवास्तव एवं संतोष श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान ललित वास्त्री, फिजिकल इंस्ट्रक्टर, पंकज दीक्षित, समाजसेवी तथा योगेंद्र भारिल्य, डायरेक्टर प्रखर इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन ने आगामी 1 अक्टूबर को पेंशनर संघ राघौगढ़ द्वारा आयोजित मिनी मैराथन दौड़ के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने आयोजन की तैयारियों एवं सहभागिता को लेकर उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य रमेश चंद्र सैनी, नारायण सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

नगर भ्रमण पर निकले सीएमओ साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



बारिश के बाद नगर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ लीलाधर सेन ने रविवार को विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण करने के साथ ही स्थानीय लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं और संबंधित कर्मचारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। सीएमओ सेन ने बताया कि भ्रमण के दौरान कुछ खाली प्लॉटों में बारिश का पानी जमा होने की शिकायत सामने आई। इस पर उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि स्थिति के अनुसार संबंधित स्थानों पर मुरम, रेत, चूरी आदि सामग्री डालकर गड्ढों को शीघ्र भरवाया जाए, ताकि पानी जमा होने की समस्या को कम किया जा सके। नगर भ्रमण के दौरान सीएमओ ने मंडी रोड पर डाली जा रही नई पाइपलाइन का भी निरीक्षण किया। पाइपलाइन का कार्य निर्धारित तरीके से नहीं होने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पाइप को जमीन के अंदर निर्धारित गहराई में डालने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद सीएमओ ने स्वयं गौघाट जाने वाले मार्ग पर बने नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले की स्थिति और आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यहां जलभराव जैसी कोई स्थिति नजर नहीं आई। सीएमओ ने नगर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर पेयजल आपूर्ति एवं सफाई व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी गईं। जहां से शिकायतें मिलीं, वहां संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

सीबीएसई विद्यालय में शिक्षक दिवस पर विविध आयोजन, पूर्व प्राचार्या को दी भावपूर्ण विदाई, पुष्पमाला देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीनागंज



नगर के प्रतिष्ठित एकमात्र सीबीएसई विद्यालय एंजेल पैराडाइज पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापक संध्या माहेश्वरी ने माँ सरस्वती एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अमृत माहेश्वरी, संचालक रूपेश माहेश्वरी, सह-संचालक प्रतिभा माहेश्वरी, प्रशासक अनीता मुलिक, प्राचार्या गुंजन सलूजा एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। समारोह का वातावरण शिक्षकों के प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता की भावनाओं से ओतप्रोत रहा। दस वर्षों की सेवा के बाद अनीता मैम को भावपूर्ण विदाई कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पूर्व प्राचार्या एवं प्रशासक अनीता मुलिक के विद्यालय में 10 वर्ष पूर्ण होने पर विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके कार्यकाल एवं विद्यालय के विकास में दिए गए योगदान की सराहना की तथा उनके साथ जुड़े विभिन्न संस्मरणों को याद किया।इस अवसर पर विद्यालय के संचालक रूपेश माहेश्वरी ने मंच से कहा कि अनीता मैम विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रही हैं, लेकिन विद्यालय समिति की आजीवन सदस्य के रूप में उनका जुड़ाव सदैव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मैम का अनुभव, मार्गदर्शन एवं विद्यालय के प्रति उनका समर्पण भविष्य में भी विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से कविताएं प्रस्तुत की।

अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को अवसर दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में अशोकनगर जिले के विद्यार्थियों को पर्याप्त अवसर दिए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अशोकनगर द्वारा लीडिंग कॉलेज नेहरू डिग्री कॉलेज के माध्यम से क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

परिषद ने कहा कि पूर्व में जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता था। वर्तमान व्यवस्था में विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में अवसर नहीं मिल पाने के कारण जिले के प्रतिभावान विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने से वंचित हो रहे हैं। विद्यार्थी विभिन्न खेलों में लगातार मेहनत एवं अभ्यास करते हैं, लेकिन उचित अवसर नहीं मिलने से उनके आत्मबल, उत्साह एवं मेहनत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उचित मंच और समान अवसर मिलना आवश्यक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मांग की कि अशोकनगर जिले के विद्यार्थियों को अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में उनकी योग्यता एवं प्रतिभा के आधार पर उचित अवसर प्रदान किया जाए तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर सुनिश्चित किया जाए। परिषद ने कहा कि यदि उचित समय-सीमा में विद्यार्थियों की मांग का निराकरण नहीं किया गया, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सकल हिंदू समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



अशोकनगर। सकल हिंदू समाज द्वारा सोमवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिले में सामाजिक एवं धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों की जांच कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पिपरई क्षेत्र में हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा तथा रामायण पाठ करने वाले श्रद्धालुओं के साथ हुई कथित घटना से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। सकल हिंदू समाज ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म "नर सेवा नारायण सेवा" में विश्वास रखता है तथा प्राणिमात्र के प्रति सद्भावना और विश्व कल्याण की भावना रखता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे किसी भी तत्व को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए, जो लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करे या सामाजिक सद्भाव एवं शहर की शांति व्यवस्था को प्रभावित करे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हनुमान जी सनातन समाज की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर 2026 को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सोमवार को जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जायेगा। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं, जिससे दोनों पक्षों में उत्पन्न वैमनस्यता समाप्त हो जाती है और दोनों पक्षकारों की जीत होती है। प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है।

विपरीत ध्यान से ही होती है दुर्गति मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में परम पूज्य गुरुदेव 108 मुनि श्री निरंजन सागर जी ने साइंस ऑफ मेडिटेशन के रहस्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आचार्यों ने चार प्रकार के ध्यान बताये हैं। पीड़ा पहुँचाने में जो कारण होता है उसे आर्त ध्यान कहते हैं। क्रूर आशय को लेकर जो (चिन्तन) होता है उसे रौद्र ध्यान कहते हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों ध्यानों को संसार का कारण कहा है। इष्ट का वियोग, अनिष्ट का संयोग, पीड़ा चिन्तन और निदान (भावी भोगों की आकांक्षा) यही आर्तध्यान के चार भेद हैं।हिंसा, झूठ, चोरी और परिग्रह के संरक्षण के लिये निरन्तर चिन्तन करना रौद्रध्यान है। यह कार्य सभी संसारी प्राणी निरन्तर करता ही रहता है। ऐसा एक भी क्षण नहीं है जिसमें वह इन विपरीत ध्यानों से मुक्त रहकर सुख शान्ति का अनुभव कर सके।

प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है

प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है परन्तु सुख की प्राप्ति के जो उपाय आचार्यों ने दिये हैं उनको कभी नहीं अपनाता है। इसलिये आजतक इस संसारी प्राणी को सुख की प्राप्ति नहीं हुई है। वह दुःख से सदैव बचना चाहता है, परन्तु दुःख की उत्पादक सामाग्री को प्रतिपल अपने साथ में रखता है। इसलिये आत्महित की भावना ही सच्चा ध्यान है। ध्यान स्वयं में सोई हुई शक्ति को जगाया जा सकता है, परन्तु वह ध्यान समीचीन होना चाहिये।

माटी गणेश-सिद्ध गणेश का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण



अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में रविवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के समस्त विद्यार्थियों को पर्यावरण शुद्धता का संदेश देते हुए माटी के गणेश बनाने का माटी गणेश -सिद्ध गणेश का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।

40 लाख रुपए के सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने पार्षद साथियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में नगर के वार्ड क्रमांक 14 एवं 17 में कुल 40 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने सबसे पहले वार्ड क्रमांक 14 की विभिन्न गलियों में 20 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके पश्चात वे वार्ड क्रमांक 17 पहुंचे, जहां भी 20 लाख रुपए की लागत से विभिन्न गलियों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। सड़क एवं नाली निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की बेहतर सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद किरण राजेंद्र कुशवाहा, पार्षद विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा, सतपाल लोधी, मनीष धुरेटे, योगेश खेरा, नगर पालिका से इंजीनियर शिव रघुवंशी, बाबा शिवहरे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

पंजाबी महिला विकास समिति ने दो शिक्षिकाओं का सम्मान किया



अशोकनगर। शिक्षक दिवस पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा पंजाबी समाज की पंजाबी समाज की शिक्षिकाओं अंशिता कोहली एवं हेमा डावर को सम्मानित किया। जो कि गत कई बर्षो से शहर के सबसे पुराने कोंन्वंट स्कूल मैं शिक्षिका का दायत्वि निभाती आ रहीं हैं उनके द्वारा दी जा रही शिक्षा से कईं बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिली है। माँ के बाद एक अच्छी शिक्षिका ही बच्चों के भविष्य की नींव होती है इस अवसर पर अध्यक्ष मीता सदाना, सचिव रोशनी गेरा कोषाध्यक्ष सोनिया छावरा,मधु कोहली उपस्थित रही।

भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में आगामी कार्य योजनाओं की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा इसी के निमित्त सोमवार को भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक स्थानीय अग्रवाल पैलेस में आयोजित की गई।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्य योजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की,उन्होंने सेवा संकल्प अभियान को लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहां की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, तथा प्रवेश की मोहन यादव सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन की सेवा की जा रही है। तथा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के भरपूर प्रयास किया जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज सरकार की योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। और जन्म से लेकर जीवन पर्यंत तक शासन की योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने सेवा संकल्प के माध्यम से चलने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता कर सेवा के अवसर का लाभ उठाने का आवाहन किया।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी रिंकी कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ कोली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी अंचल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशेष अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांमौरी टांका निवासी भूरी बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति निरपत लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुरा निवासी साक्षी पुत्र राजेश अहिरवार उम्र 15 साल ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात आरोपी बाईक चोरी कर ले गया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत साजनमउ खुर्द निवासी रविन्द्र नरवरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फतेहाबाद चंदेरी में कौसक महल के बाहर से कोई अज्ञात चोर उनकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 एमएच 3342 है, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

17 वर्षीय किशोरी की करंट लगने से मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम खैरा ललोई निवासी पलक पुत्री देवेन्द्र यादव उम्र 17 साल को करंट लग गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जुए के दो अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। सिटी कोतवाली पुलिस ने स्थानीय रघुवंशी गली में खाली जगह पर ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें आकाश,रोहित, और अंकित सेन शामिल हैं जिनमें पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1400 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार इसी स्थान से पुलिस ने गौरव रघुवंशी,भास्कर रघुवंशी, दीपक कुशवाह को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1850 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं।

रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस में कार्यालय का शुभारम्भ आज

अशोकनगर। अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद के अध्यक्ष वीरेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि आज मंगलवार को सुबह 10 बजे रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस में कार्यालय का शुभारम्भ किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में श्याम सिंह (कन्हेरा), सुरेंद्र सिंह (मलावनी) के मार्गदर्शन मे रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस अशोकनगर के कार्यालय का शुभारम्भ सीताराम काकाजी (शाढ़ौरा) के कर कमलों द्वारा किया जायगा। तत्पश्चात सुन्दरकांड का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी सम्मानीय समाजजनो को आंमत्रित किया गया है।

जन्म दिन पर पौधा प्रदान कर सरंक्षण की ली शपथ



अशोकनगर। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार पाठक ने एक अनूठा और प्रेरणादायी संकल्प लिया है। उनके द्वारा उनके मित्र और मिलने वालों की जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उनके द्वारा एक औषधि छायादार पौधा उपहार स्वरूप दिया जाता है। इसी क्रम में सोमवार को मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर पौधा प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने अवैध शराब पर रोक लगाने के दिए निर्देश

सागर जिले में जहरीली शराब से 22 की मौत के बाद, जिले में प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





पड़ोसी जिला सागर में जहरीली शराब का सेवन करने से अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है, यह घटना झकझोरने वाली है इस घटना के बाद अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय ने अवैध शराब के निर्माण, संग्रह और परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं और जिले भर में अधिकारियों के दल अवैध शराब को लेकर गठित किए गए हैं

जिले में अवैध कच्ची शराब का बड़ी मात्रा में निर्माण

अशोकनगर जिले में अवैध शराब को लेकर बड़ी कार्यवाहियां सिर्फ चुनावों के समय सामने आती हैं, लेकिन जिले में अवैध शराब पर मामले दर्ज करने के बाद इस अवैध कच्ची शराब के विक्रय पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाता। प्रतिदिन अशोकनगर जिले के सभी थानों की पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही तो की जाती है लेकिन यह कार्यवाही औपचारिक रहती है। जिले भर में अवैध कच्ची शराब का बड़े स्तर पर निर्माण होता है, अशोकनगर जिले में आमजनों को शराब का सेवन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर देखा जा सकता है।

अशोकनगर जिले में अवैध शराब का कारोबार दो प्रकार से होता है एक तो शासन के द्वारा जो आवकारी ठेकेदार हैं उनके द्वारा निर्धारित स्थान से शराब का विक्रय किए जाने की पात्रता है लेकिन इसी एक नंबर की शराब को शहर की कई कॉलोनियों में ठेकेदार के यहां से लाकर इस कारोबार में वर्षों से जुड़े लोगों द्वारा विक्रय किया जाता है। शाम 7 बजे से यह शराब बिकना प्रारम्भ होती है जो देर रात तक बिकती रहती है।

यह अवैध शराब का विक्रय बिना लायसेंस के अवैध रूप से चलाई जा रही दुकानदारों के द्वारा किया जाता है। इस कारोबार से जुड़े लोगों ने अपने कई लोगों को इस कारोबार से जोड़ रखा है, उन्हें आसानी से शराब बिक्रय करने में बड़ी रकत हासिल हो जाती है। अगर बात करें तो शहर की शंकर कॉलोनी, मगरदा क्षेत्र, सहित इलाके ऐसे हैं जहां शराब का विक्रय एक नबरं की शराब का दो नंबर में किया जाता है। यह शराब अगर बेची जा रही है तो इसे भी ठेकेदारों के यहां से लाया जाता है। कई दुकानों, ढाबों, होटलों पर यह शराब आसानी से मिल जाती है

आबकारी विभाग ने 750 लीटर लहान की नष्ट



जिले भर में ऐसे अवैध ठिकानों पर कार्यवाही आवकारी विभाग द्वारा तब की जाती है जब कहीं कोई बड़ी घटना घट जाती है, सागर में हुई जहरील शराब से 22 लोगों की मौत के बाद अशोकनगर जिले का आवकारी विभाग जागा है। जिसके बाद इस विभाग के द्वारा त्रिवेणी नदी के किनारे छापामार कार्यवाही कर अवैध शराब जप्त की गई है, माधौगढ़ गांव के पास त्रिवेणी नदी के किनारे आवकारी विभाग को 750 लीटर लहान मिला है तथा अलग अलग जगहों से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। सागर की इस घटना के बाद जिले में 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 10 शराब की दुकानों की जांच कर स्टॉ चैक किया गया तथा शराब के सेंपल लेने की कार्यवाही भी की गई है।

अवैध कच्ची शराब निर्माण के जिले में अनेक ठिकाने

दूसरी अवैध कच्ची शराब वह है जिसे लोगों द्वारा अपने ठिकानों पर तैयार किया जाता है, जिले में ऐसे ठिकाने अनगिनत हैं जहां इस तरह की शराब का निर्माण किया जा रहा है। इस कारोबार में लोग पीढ़ी दर पीढ़ी लगे हैं, अशोकनगर जिले की पुलिस और आवकारी महकमा कई स्थानों पर बड़ी कार्यवाईयां भी कर चुका है लेकिन इसके बाद भी शराब के निर्माण का यह गोरख धंधा खुलेआम चल रहा है। इस तरह की शराब लोगों की जान की दुश्मन बनी हुई है। अगर कार्यवाईयों पर नजर डालें तो आवकारी विभाग द्वारा कम पुलिस द्वारा बड़े स्तर पर कार्यवाही की जाती है।

शिक्षक व छात्र समाज सेवा सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की स्मृति में समाज के उत्कृष्ट शिक्षक एवं उत्कृष्ट छात्र का सम्मान शाश्वत ग्रुप द्वारा किया गया। जिसमें ग्रुप के सदस्यों द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में महेंद्र जैन कड़ेसरा एवं उत्कृष्ट छात्र के रूप में आदित्य महेंद्र जैन तरावली का सम्मान शॉल, श्रीफल, शील्ड, माला एवं तिलक लगा कर किया गया।

महेंद्र कड़ेसरा 42 वर्षों से अधिक समय से शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत सेवा प्रदान करते आ रहे है, वे एक कुशल मंच संचालक भी है और साथ ही दिगंबर जैन पंचायत में मंत्री, उपाध्यक्ष एवं उप मंत्री जैसे गरिमामयी पदों में रहकर समाज को उन्होंने एक नई दिशा दी है। आदित्य जैन ने भी 10वीं का छात्र रहते हुए एक ऐसा रोबोट तैयार किया जो घर में रहने वाले बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों की देखभाल में मदद करता है। उनके इस प्रोजेक्ट के लिए उन्हें इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 में द्वितीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। इन्हीं उपलब्धियों एवं समाज सेवा कार्यों के लिए इनका सम्मान ग्रुप द्वारा किया गया। इस सम्मान के अवसर पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रसन्न जैन महिदपुर, अध्यक्ष राजीव जैन, गौरव जैन,राकेश जैन, महेन्द्र जैन एपीसी, सौरभ सिंघई, प्रभात जैन, रितेश बजाज, आदित्य जैन आदि उपस्थित रहे।

रहैंडप्रिंट विशेषज्ञ आत्माराम सोमानी का निधन चंदेरी साड़ी उद्योग में शोक की लहर



चंदेरी। चंदेरी नगरी में साड़ी को एक नई पहचान दिलाने वाले प्रसिद्ध हैंडप्रिंट विशेषज्ञ आत्माराम सोमानी का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने चंदेरी की प्लेन साड़ियों पर हस्त छापा कला (हैंड प्रिंट) की शुरुआत कर इस उद्योग को एक नया आयाम दिया था। आज उनके द्वारा शुरू की गई यह विधा जयपुर, सांगानेर और बाग प्रिंट के रूप में चंदेरी साड़ियों की शान बनी हुई है। वह अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के सभी समाज के लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके बड़े बेटे आलोक सोमानी और छोटे बेटे अमित सोमानी पार्षद ने उन्हें मुखाग्नि दी।

नई कमेटी गठित की गई

चंदेरी में बौद्ध धम्म के अनुयायियों द्वारा सामाजिक बैठक आयोजित



अशोकनगर। चंद्रोदय बुद्ध बिहार बायपास रोड चंदेरी में बौद्ध धम्म के अनुयायियों द्वारा एक विशेष सामाजिक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक घासीराम गोलिया, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर मुन्नालाल अहिरवार एन.एफ.एल विजयपुर,भागीरथ वंशकार अशोकनगर,हीरालाल बौद्ध एवं प्रकाशचंद्र बौद्ध रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर चरणों में दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात सभी उपासक एवं उपासिकाओं द्वारा भी पुष्प अर्पित किए। पूज्य भंते द्वारा धम्म देशना दी गई। वक्ताओं में विशिष्ट अतिथि मुन्नालाल अहिरवार ने कहा कि बच्चों को शिक्षा पर जोर देना है,पूर्व समिति द्वारा अतिथियों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि अनुशासन में रहकर मनुष्य महान बन सकता है, जिससे समाज को सही दिशा मिल सकती है। जगन बौद्ध अध्यक्ष चुने गए। इसके बाद करीब 40 ग्रामवासियों द्वारा चंद्रोदय बुद्ध बिहार की नवीन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से जगन बौद्ध अध्यक्ष चुने गए। रामकिशोर बौद्ध नई बस्ती उपाध्यक्ष, सुनील बौद्ध कोषाध्यक्ष,महासचिव रामचरण बौद्ध,सचिव पप्पू सिंह बौद्ध पिपरौदा चुने गए। समिति के रूप में चार संरक्षक सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक घासीराम गोलिया,सेवानिवृत्त असिस्टेंट इंजीनियर मुन्नालाल अहिरवार,एन.एफ.एल विजयपुर,भागीरथ वंशकार एवं परमलाल परम को चुना गया एवं आठ सदस्यों बनाए गये। कार्यक्रम में बसपा के जिला अध्यक्ष मुकेश बौद्ध ने नई कार्यकारिणी को चुनने में मुख्य भूमिका निभाई।

नशे के अवैध कारोबार पर अशोकनगर पुलिस का प्रहार



अशोकनगर। पुलिस ने पड़रिया रोड स्थित निर्माणाधीन स्कूल के पास खाली पड़े ग्राउण्ड से रविन्द्र पुत्र लखन कुशवाह, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बामोर खुर्द, थाना इंदार, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 14 हजार रूपए होना बताई गई है पुलिस द्वारा मादक पदार्थ को विधिवत जप्त कर सीलबंद किया गया। संपूर्ण कार्रवाई की ई-साक्ष्य एप के माध्यम से वीडियोग्राफी भी की गई।

पूछताछ में सामने आया मादक पदार्थ का स्रोत : प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा गांजा ग्राम पचावली निवासी कबाड़ी महाराज से क्रय करना तथा उसे पडरिया रोड पर किसी व्यक्ति को देने के उद्देश्य से लाना बताया गया है। पुलिस द्वारा उक्त तथ्यों की भी जांच की जा रही है तथा मादक पदार्थ की आपूर्ति एवं नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में विवेचना जारी है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप द्वारा चलाई जा रही सामाजिक गतिविधियों के साथ आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

स्नेह सम्मेलन में ग्रुप के पदाधिकारियों, सदस्यों आदि ने परिवार सहित भाग लिया। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से शुरु हुआ सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत महिला सदस्यों द्वारा मंगलाचरण से हुई एवं ग्रुप सदस्य सुधीर गुना की बिटिया मिहिका द्वारा स्वागत नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात ग्रुप के शिक्षक सदस्यों का सम्मान मोमेंटो, पट्टिका, माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर किया गया स तत्पश्चात महिला टीम द्वारा कपल गेम्स का आयोजन किया गया जिसमे ग्रुप के दंपति सदस्यों ने गेम के दौरान कपल परफोर्मेंस देकर आनंद उठाया स बच्चों के नृत्य, गायन, मनोरंजक गेम्स आदि का आयोजन भी किया गया स कार्यक्रम का संचालन बहुत ही कुशलता पूर्वक ग्रुप की महिला बिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष प्रसन्न ने बताया कि शिक्षक ही समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते है आप सभी का उत्साह, समर्पण और सेवा भावना निश्चित ही जैन रत्न प्रदीप के सपनों एवं संकल्पों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी।

महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण



अशोकनगर। शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत आधार पाठ्यक्रम के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आधार पाठ्यक्रम की शिक्षिका डॉ रेखा शर्मा संजय ओझा एवं महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य डॉ अंजना गुप्ता डॉ राजकुमार जाट डॉ योग्यता भार्गव कला संकाय प्रभारी डॉ अर्चना प्रसाद, रीना अहिरवार अनिल यादव मोनिका नामदेव, डॉ. पवन पहाड़िया गायत्री नामदेव, संगीता अहिरवार जितेंद्र जाटव जगमोहन साध मनोज सक्सेना गौरी शंकर गुप्ता आदि द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जामुन का पौधा लगाया गया पौधे की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिवार में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं हरित परिसर के निर्माण को बढ़ावा देना रहा।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया

शपथ विधि समारोह में सेवा, संकल्प और समर्पण की ली गई शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस क्लब अशोकनगर के वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह सेवा संकल्प और समर्पण के साथ आयोजित हुआ, इस दौरान लायंस क्लब की इस मंच से उत्कृष्ट कार्यों और सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिबाबू राय उपस्थित रहे। शपथविधि अधिकारी के रूप में विकास गंगवाल, ग्वालियर, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं नए सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सी. एस. तोमर स्टार ऑफ द नाइट के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया

समारोह में अशोकनगर का नाम गौरवान्वित करने वाले बच्चों, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभिन्न संस्थाओं का सम्मान भी किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ समारोह में सहभागिता की। इस मौके पर मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज की प्रेरणा से घायल पशुओं के लिए संचालित दयाभावना फांउडेशन के संयोजक संजीव जैन भारिल्ल, मनोज जैन ईसागढ, विवेक जैन, रिंकू मिर्ची, टिंकल जैन, समेकित जैन, शिवकुमार सेन और छोटू महाराज को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट करना हमारी पहली प्राथमिकता नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन विकास रघुवंशी ने कहा कि वर्ष 2026-27 में लायंस क्लब अशोकनगर सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों की सहायता, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन तथा समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देगा।

वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष के रूप में लायन विकास रघुवंशी, सचिव के रूप में लायन गिरीश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष के रूप में लायन सौरभ अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की। वहीं क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन अभिजीत जैन को आगामी वर्ष के लिए जेडसी की जिम्मेदारी सौंपी गई। लायंस क्लब अशोकनगर के नए सदस्यों के रूप में ऋषि अग्रवाल, प्रिंस सिवरी, दीपम गुप्ता, आकाश चैधरी एवं सुनील रघुवंशी ने शपथ ग्रहण की और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा- सेवा संकल्प अभियान का संचालन सुचारु रूप से हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान का संचालन सुचारु रूप से एवं प्रभावी तरीके से किया जाए। अभियान के तहत आमजन को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं का मौके पर ही यथासंभव समाधान किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित किए गए शिविरों की प्रगति के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें किसी भी स्तर पर नोट अटेंड नहीं होना चाहिए। शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए आवेदनों की समस्याओं का निराकरण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, शासन के निर्देशों के तहत शिविरों का आयोजन, अधिकारियों के भ्रमण तथा पोर्टल पर तत्संबंधी जानकारी भरे जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न की सुचारू एवं पारदर्शी वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक माय खाद्यान्न वितरण की समीक्षा ग्राम स्तर पर गठित सतर्कता समितियों की बैठक आयोजित कर की जाए। जिसमें खाद्यान्न वितरण की स्थिति, पत्र अधिकारियों को प्राप्त हो रहे खाद्यान्न तथा वितरण व्यवस्था से संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर प्रतिवेदन तैयार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर आयोजित सतर्कता समिति की बैठकों का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में भू-माफिया के संबंध में निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन की सतत निगरानी करें। कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान क्षेत्र के शासकीय संस्थाओं का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण पश्चात निरीक्षण प्रतिवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग पर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन समय पर भेजने के निर्देश समस्त अधिकारियों को दिए।



शिकायतों के निराकरण में ए ग्रेड प्राप्त करने पर किया सम्मान

बैठक में माह जुलाई 2026 में सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की मासिक ग्रेडिंग में ए ग्रेड प्राप्त करने पर कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा अधिकारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम अशोकनगर इसरार खान,जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा,प्रबंधक ई-गवर्नेंस पुष्पेन्द्र शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिडे,प्रभारी खनिज अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा तथा सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण शिवप्रताप सिंह रघुवंशी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप

सोनोग्राफी रिपोर्ट आने के बाद भयभीत हुई महिला, थाने में दिया आवेदन





हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

शहर में पचोर रोड स्थित आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पर मरीज की गलत सोनोग्राफी करने और रिपोर्ट देकर भ्रमित करने और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक चौड़ापुरा निवासी 27 वर्षीय अंशिला वर्मा ने इस संबंध में थाना खुजनेर में आवेदन देकर आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित ने बताया कि 27 अगस्त को पेट दर्द होने पर परिजन उसे सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर लेकर आए थे। जहां डॉक्टर शीला सिंह को दिखाया था। डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने का बोला और पर्चा लिखा था। जब खुजनेर में आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर पचोर रोड स्थित खुजनेर पहुंच कर वहां पहली सोनोग्राफी जांच कराई थी। जिसके बाद वहां रिपोर्ट डॉक्टर शीला सिंह को बताई तो डॉक्टर ने बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने का बोला तो में और मेरे परिजन सुन रह गए। परिवार की चिंता बढ़ गई। जांच रिपोर्ट के बाद मानसिक रूप से परेशान हुए परिजनों ने राजगढ़ जिला अस्पताल में भी सोनोग्राफी दिखाई तो वहां भी बच्चेदानी



ऑपरेशन का बोला।

झालावाड़ राजस्थान पहुंच डबल करवाई जांच आई सामान्य

वहीं परिजन पीड़िता को झालावाड़ के संजीवनी निजी अस्पताल में लेकर गए और आदर्श डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच रिपोर्ट बताई तो वहां डॉक्टर द्वारा भी बच्चेदानी का ऑपरेशन बताया। लेकिन डॉक्टर को जांच रिपोर्ट पर कुछ शंका होने पर झालावाड़ में दूसरी सोनोग्राफी जांच कराई तो वहां सामान्य जांच रिपोर्ट आई। लेकिन जब भी परिजनों द्वारा तीसरी जांच जीरापुर के एक निजी सोनोग्राफी सेंटर पर कराई गई तो वो भी सामान्य जांच रिपोर्ट आई। जब दो जगहों पर सोनोग्राफी जांच सामान्य आई तो फिर पहली जांच गलत है। महिला का आरोप है कि गलत रिपोर्ट के कारण उन्हें अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ी और डॉक्टरों से परामर्श लेने के साथ मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। महिला ने पुलिस को आवेदन के साथ संबंधित जांच रिपोर्ट और आधार कार्ड की छायाप्रति पुलिस थाने में दी। पुलिस से आदर्श डायग्नोस्टिक एवं सोनोग्राफी सेंटर की जांच कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अन्य मरीज के स्वास्थ्य के साथ इस तरह की परेशानी नहीं हो।

गर्भवती महिलाओं को एक ही सोनोग्राफी सेंटर पर भेजा जाता है जांच के लिए

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि गर्भवती महिलाओं को बार-बार शहर के एक ही निजी सोनोग्राफी सेंटर पर जांच के लिए भेजा जाता है। सूत्रों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एएनएम द्वारा निजी स्तर पर गर्भवती महिलाओं का उपचार किए जाने और उन्हें संबंधित सोनोग्राफी सेंटर पर जांच कराने के लिए भेजे जाने के आरोप आमजन द्वारा लगाए गए हैं। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की कई बार सोनोग्राफी कराई जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर भी गर्भवती महिलाओं को इसी सोनोग्राफी सेंटर पर जांच के लिए भेजा जाता हैं। बार-बार सोनोग्राफी करवाने से मरीजों पर भी आर्थिक भार पड़ता है।

सेंटर संचालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे

आरोप है कि जिस चिकित्सक के नाम से आदर्श सोनोग्राफी सेंटर संचालित बताया जा रहा है उनकी सेंटर पर नियमित मौजूदगी नहीं रहती। ऐसे में सोनोग्राफी जांच वास्तव में किसकी निगरानी में की जा रही है और रिपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया क्या है। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

कार्रवाई की जाएगी...

मामले को हम दिखवाते हैं। अगर गलत रिपोर्ट या भ्रमित करने का मामला होगा तो सोनोग्राफी सेंटर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

डॉ सुरेन्द्र मित्तल
सीबीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर

प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर बिलिंग व्यवस्था और जीएसटी अनुपालन की जानकारी ली

जीएसटी टीम पहुंची तो शटर डाउन कई किराना दुकानदार गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के किराना दुकानों में बिलिंग को लेकर सोमवार को हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशित हुई तो अगले ही दिन जीएसटी विभाग की टीम सारंगपुर पहुंच गई। टीम ने जैसे ही किराना प्रतिष्ठानों पर बिलिंग और कारोबार की जांच शुरू की, बाजार का नजारा बदल गया। कई दुकानदार शटर गिराकर निकल गए, जबकि कुछ प्रतिष्ठानों पर बिना बिल सामान बिक्री की स्थिति सामने आने की जानकारी मिली। टीम ने गौरांशी ट्रेडर्स, कार्तिक ट्रेडर्स और माहेश्वरी ट्रेडर्स सहित कई दुकानों पर पहुंचकर बिल, बिक्री और जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी जुटाई।

टीम आई तो दुकानें बंद, कारोबारी हुए गायब

सोमवार को जीएसटी टीम के शहर में पहुंचने की खबर किराना कारोबारियों में तेजी से फैली। इसके बाद कुछ दुकानों के शटर गिर गए और कई व्यापारी मौके से चले गए। टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर बिलिंग व्यवस्था, बिक्री और जीएसटी अनुपालन की जानकारी ली। अधिकारियों ने कारोबार से संबंधित दस्तावेज और बिल भी देखे। जांच के दौरान कुछ दुकानों पर ग्राहकों को बिना बिल किराना सामान दिए जाने की स्थिति सामने आने की बात कही गई है। हालांकि, किन प्रतिष्ठानों पर नियमों का उल्लंघन मिला और उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी, यह विभागीय जांच और रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

खबर का असर

कुछ दुकानें अनरजिस्टर्ड, लेकिन टर्न ओवर 40 लाख से कम

जीएसटी निरीक्षण को लेकर इंस्पेक्टर अग्निश गोयल ने बताया कि जांच में कुछ दुकानें अनरजिस्टर्ड पाई गई हैं। हालांकि, इन दुकानों का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपए से कम होने की जानकारी मिली है। इसलिए केवल अनरजिस्टर्ड मिलने के आधार पर जीएसटी देनदारी तय नहीं की जा सकती। संबंधित कारोबार की पात्रता और नियमों के आधार पर विभाग आगे निर्णय लेगा। टीम ने जिन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया है, उन दुकानों से कारोबार और बिलिंग जानकारी संकलित पाई गई है।

इनका कहना है...

वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर जांच की गई। आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

अग्नेश गोयल
जीएसटी इंस्पेक्टर राजगढ़

खबर में उठे सवाल, अगले दिन पहुंची टीम



जीएसटी सहित आयकर में कथित गड़बड़ी! बड़े कारोबारियों पर जांच करने की मांग

किराना कारोबार में बिल नहीं देने के आरोप

सारंगपुर। नगर में कई स्थान पर रातल, किराना और खाद्य सामग्री का कारोबार करने वाले कुछ बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ बड़े प्रतिष्ठानों से खरीदने करने वाले ग्राहकों को नियमित रूप से पक्का बिल उपलब्ध नहीं कराया जाता। यदि यह शिकायतें सही हैं तो जीएसटी और आयकर नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कई प्रतिष्ठानों की वास्तविक बिक्री और रिपोर्टिंग रिकॉर्ड का मिलान कराया जाए तो बिलों-खरीद, स्टॉक, जीएसटी रिटर्न और आयकर से संबंधित रिकॉर्ड को लेकर कई प्रतिष्ठानों में उपलब्ध बिल जब से मेल नहीं और तीन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया जाए। वहीं खाद्य सामग्री की पुष्टता और मिलावट की शिकायतों को

देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भी आवश्यकतानुसार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच किए जाने की मांग की जा रही है। यदि व्यापारी नियमों का पालन कर रहे हैं तो विभागीय जांच में निर्धारित समय से जानकारी यहां जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता का कर संबंधी गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली को लेकर संबंधित उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ बड़े प्रतिष्ठानों से खरीदने करने वाले ग्राहकों को नियमित रूप से पक्का बिल उपलब्ध नहीं कराया जाता। यदि यह शिकायतें सही हैं तो जीएसटी और आयकर नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कई प्रतिष्ठानों की वास्तविक बिक्री और रिपोर्टिंग रिकॉर्ड का मिलान कराया जाए तो बिलों-खरीद, स्टॉक, जीएसटी रिटर्न और आयकर से संबंधित रिकॉर्ड को लेकर कई प्रतिष्ठानों में उपलब्ध बिल जब से मेल नहीं और तीन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया जाए। वहीं खाद्य सामग्री की पुष्टता और मिलावट की शिकायतों को

इनका कहना है...

अगर कोई व्यापारी बिल नहीं देता है तो एसपी डॉट कॉम पर शिकायत करें। विभाग समय समय पर कार्रवाई करता है। ग्राहक जागरूक बनें। फिर भी संभावना को इंस्पेक्टर को भेजकर निरीक्षण करवाया हूं।

देवसिंह सोलंकी
असिस्टेंट कमिश्नर, जीएसटी राजगढ़

शहर के बड़े किराना कारोबारियों की बिलिंग व्यवस्था को लेकर ग्राहकों से शिकायतें सामने आ रही थीं। आरोप था कि सामान की कीमत में जीएसटी शामिल होने के बावजूद कई बार ग्राहकों को बिल नहीं दिया जाता। इसी मुद्दे को लेकर खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन जीएसटी टीम की जांच ने मामले को और महत्वपूर्ण बना दिया है। टीम के निरीक्षण के बाद अब विभागीय रिपोर्ट का इंतजार है। यदि जांच में बिना बिल बिक्री अथवा जीएसटी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित कारोबारियों पर नियमानुसार कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल खबर के अगले ही दिन जीएसटी टीम की दस्तक और टीम पहुंचते ही दुकानों के शटर गिरने का मामला पूरे किराना बाजार में चर्चा का विषय बना रहा।

डायलिसिस के बाद भी राहत नहीं पर्ची की लाइन में मरीज बेहाल

जरूरी ब्लड इंजेक्शन बाहर से खरीदने की शिकायत, व्यवस्थाओं में सुधार की मांग



सारंगपुर। सिविल अस्पताल में डायलिसिस कराने वाले मरीजों की परेशानियां इलाज के बाद भी खत्म नहीं होने की शिकायत सामने आई है। डायलिसिस मरीज गौरव शर्मा ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसडीएम जय सोलंकी और जिला स्वास्थ्य अधिकारी शोभा पटेल को व्हाट्सऐप के माध्यम से शिकायत भेजकर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराने वाले मरीज को उपचार के बाद कमजोरी और लो बीपी की स्थिति रहती है। इसके बावजूद पर्ची बनवाने के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ता है। गौरव शर्मा का आरोप है कि सुबह 8 बजे डायलिसिस का समय होने के बावजूद पर्ची प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। शिकायत में ड्यूटी के दौरान नर्स और अन्य स्टाफ के उपलब्ध नहीं रहने का आरोप भी लगाया गया है।

चार मशीनें, दो से ही काम चल रहा

शिकायत में कहा गया है कि अस्पताल में चार डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन वर्तमान में दो मशीनों से ही काम चल रहा है। शेष दो मशीनें बैटरी उपलब्ध नहीं होने के कारण बंद होने का दावा किया गया है। मरीज ने आवश्यक ब्लड इंजेक्शन करीब दो माह से अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने और उसे बाहर से खरीदने की शिकायत भी की है। वहीं शिकायतकर्ता ने अस्पताल में आईसीयू से संबंधित आवश्यक सामान मौजूद होने के बावजूद वार्ड बंद होने का दावा किया है। गंभीर मरीजों को शाजापुर रेफर किए जाने की बात भी कही गई है।

इनका कहना है...

डायलिसिस सेंटर में मरीजों को आ रही समस्याओं की जानकारी मिली है। उन्हें भी एक मरीज का संदेश प्राप्त हुआ है। वे स्वयं मामले को दिखवाकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेंगे। मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का जल्द निराकरण कराया जाएगा।

जय सौलंकी, एसडीएम
सारंगपुर।

आठ खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन



जीरापुर। रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल से 8 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ। ब्यावरा में जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। जिनका उत्कृष्ट प्रदर्शन होने पर संभाग स्तर पर चयन हुआ। विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों में 19 वर्ष बालक वर्ग में देवराज दांगी, 17 वर्ष बालिका वर्ग में अक्षिता गुर्जर , प्रीति झाला, 14 वर्ष बालिका वर्ग में साँची सोनी , दीक्षा बोढ़ाना, वीरा सोनी एवं इशिका दांगी तथा 14 वर्ष बालक वर्ग में युवराज गुर्जर का चयन हुआ है। खिलाड़ियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। जिसपर संस्था संचालक रणधीरसिंह ने कहा कि संस्था के खिलाड़ियों ने मेहनत, अनुशासन , लगन से खेल को खेल भावना से खेलकर अपना स्थान बनाया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह , वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल , भोला सेन, खेल शिक्षक अरविंद बंसल , सोनू राठौर ने चयनित खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करने एवं अव्वल स्थान प्राप्त हो ऐसा विश्वास व्यक्त किया, जिससे वह ओर आगे को बढ़े।

विदिशा में खेलेंगे कब्बड्डी

बरसते पानी में नगर भ्रमण पर निकले भोलेनाथ, भक्तों की आस्था रही अडिग

बाबा बिल्लेश्वर और बाबा गुप्तेश्वर की संयुक्त पालकी निकली



माचलपुर। तेज बारिश के बीच नगर के आराध्य बाबा बिल्लेश्वर एवं बाबा गुप्तेश्वर की संयुक्त पालकी नगर भ्रमण पर निकली। मान्यता के अनुसार बाबा भोलेनाथ अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई यात्रा में बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डिगा सकी। भक्त पालकी को कंधों पर उठाकर डीजे की धार्मिक धुनों पर नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद बाबा की पालकी रवाना हुई। जैसे ही यात्रा बड़े बाजार पहुंची, तेज बारिश शुरू हो गई। बरसते पानी में भी श्रद्धालु पालकी के साथ चलते रहे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पालकी को अपने कंधों पर उठाकर बाबा को नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कराया। डीजे की धार्मिक धुनों पर युवा और अन्य श्रद्धालु नाचते-गाते हुए यात्रा में शामिल रहे। बारिश के बावजूद मार्ग में बाबा के दर्शन के लिए लोगों की मौजूदगी बनी रही।

बाजार चौक में हुआ हरि-हर मिलन

नगर भ्रमण के दौरान बाबा की पालकी बाजार चौक स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची। यहां परंपरानुसार हरि-हर मिलन हुआ। इस धार्मिक अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद पालकी पुनः गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद बाबा की महाआरती के बाद प्रसादी वितरण की गई।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का महाप्रसादी के साथ समापन



कुरावर। माहेश्वरी धाकड़ समाज द्वारा लगातार चौथे वर्ष आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को महाप्रसादी वितरण के साथ विधिवत एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा का आयोजन नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में किया गया। कथा प्रवक्ता पंडित सुमित कृष्ण शास्त्री 'श्याम भैया' वृंदावन ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण का रसपान कराया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के सातवें एवं अंतिम दिन पंडित शास्त्री ने सातों दिनों में वर्णित विभिन्न प्रसंगों का सार प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके मुखारविंद से कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। सात दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। माहेश्वरी धाकड़ समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

एडवांस्ड किड्स एकेडमी में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

एडवांस्ड किड्स एकेडमी में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आठवां वर्ष भव्यता लिए आयोजित हुआ। यही नहीं इस वर्ष जीरापुर ब्लॉक शिक्षा केन्द्र के अलावा आगर-मालवा जिले के सुसनेर, मोड़ी के समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संचालक गिरीराज गुप्ता ने कृतार्थ भाव से कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर हम धन्य हुए क्योंकि हर वर्ष सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान कर हमें आशिर्वाद मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय मार्गदर्शक त्रिलोकचंद गुप्ता, मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विशेष अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक भैरवलाल गुप्ता , पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, पेंशनर संघ महिला मोर्चा श्रीमती ज्योत्सना दांगी , सीएमओ देवनारायण दांगी, सेवानिवृत शिक्षक डॉ रामप्रसाद भावसार सुसनेर, पंडित दिनेशचंद्र नागर, रामेश्वर टांक, जिला मंत्री ईश्वर सिंह तोमर, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, महर्षि प्राचार्य दिनेश गुर्जर, सरपंच योगेश गुप्ता गोघटपुर सहित कई गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक गोविंद शर्मा व नृत्य शिक्षक अजय नागर के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही सुंदर समूह गान व नृत्य सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। प्राचार्य ई.के. जोशी ने स्वागत भाषण दिया। संचालन समाजसेवी दिनेश जमींदार तथा आभार शिक्षक भानु कुमार जैन ने माना। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ममता चैहान, मंजू विश्वकर्मा, मनीषा गुप्ता, बरखा गुप्ता, सुषमा तिवारी, ज्योति, रिषा, रविना जैन, दीपिका मिश्रा, दिपाशु साहू, हेमन्त त्रिवेदी, अंजनीकुमार शर्मा, गोविन्द पाटीदार, भारत चौहान, वैभव गोयल, प्रवीण सोनी, मोहित गुप्ता, सत्यनारायण गोड़ उपस्थित थे।

माटी कलश यात्रा ने निवानिया, लोदीपुरा, बरखेड़ा में दिया एकता का संदेश

मन चंगा तो कठौती में गंगा : संत रविदास का वो दर्शन जो आज भी दिखाता है सामाजिक समरसता की राह



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी ब्यावरा मंडल के लोदीपुरा, बरखेड़ा, निवानिया गांवों में सोमवार को संत शिरोमणि रविदास महाराज की माटी कलश वंदन यात्रा पहुंची और यात्रा पूजन, स्वागत किया गया। वाराणसी से शुरू हुई इस यात्रा के दौरान कलश का विधि-विधान से पूजन कर संत रविदास महाराज को पुष्प अर्पित किए गए और पुरे मध्य प्रदेश में यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया। यह यात्रा ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार के नेतृत्व में निकाली जा रही है। यात्रा का शुभारम्भ पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ,अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ विष्णु मालवीय ,मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने किया।

यात्रा को पूर्व राज्यमंत्री यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हम देखते हैं कि संत रविदास जी के विचार कबीरदास जी से भी मिलते हैं। संत रविदास से जब गंगा स्नान को चलने के लिए कहा, तब उन्होंने कहा कि मेरे पास समय नहीं है पर मेरा एक काम आप कर दीजिए, फिर अपनी जेब में से चार सुपारी निकालकर पंडितजी को दे दी और कहा कि आप यह गंगा मईया को दे देना। पंडित ने गंगा स्नान के बाद गंगा में सुपारी डालते हुए कहा कि रविदास ने आपके लिए भेजी है. तभी गंगा मां प्रकट हुईं और पंडित को एक कंगन देते हुए कहा कि यह कंगन मेरी ओर से रविदास को दे देना ऐसे भक्त थे रविदास जी। संत रविदास ने अपने आध्यात्मिक संदेशों से समाज को समानता, समरसता, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाया। इस दौरान यात्रा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ विष्णु मालवीय, प्रदेश प्रभारी गोपाल जाटव, पूर्व जिला महामंत्री अमित शर्मा, वरिष्ठ नेता मानसिंह राजपूत, नारायणसिंह सालरियाखेडी, जसवंतसिंह गुर्जर, मयूर गुप्ता, राजेश यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महेश यादव सरपंच अमरसिंह, सरपंच लखन यादव तलेनी सहित अन्य उपस्थित थे।

कौशल सिंह रावत का प्राथमिक शिक्षक के पद पर चयन




कुरावर। मध्य प्रदेश व्यापम परीक्षा में नगर के होनहार युवा कौशल सिंह रावत ने सफलता हासिल करते हुए प्राथमिक शिक्षक के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने पहले पात्रता परीक्षा और उसके बाद चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। कौशल सिंह रावत पूर्व में कुरावर के निजी विद्यालयों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कौशल सिंह रावत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्थानीय नागरिकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर नाचते गाते मंदिर पहुंचे

एकादशी पर खाटूश्याम मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़, 51 किलो फूलों से हुआ बाबा का श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर के एबी रोड स्थित बाबा खाटूश्याम मंदिर पर



सोमवार को अजा एकादशी के चलते श्री खाटू श्याम दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। मंगला आरती के साथ शुरू हुआ बाबा खाटू श्याम के दर्शन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। मंदिर समिति के मुताबिक, एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगीं। मंदिर परिसर और आसपास के रास्तों पर दिनभर भक्तों की भीड़ दिखी। इस दौरान 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारे गूंजते रहे।



सनातन धर्म में अजा एकादशी का खास महत्वः सनातन धर्म में यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु व अपने आराध्य देव की पूजा करते हैं। वे परिवार की सुख-समृद्धि, संतान के अच्छे भविष्य और अपनी इच्छाएं पूरी होने की कामना करते हैं। इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में भक्त बाबा खाटू श्याम के दरबार में पहुंचे।

एकादशी के मौके पर बाबा खाटू श्याम का खास श्रृंगार किया गया। मंदिर को सुंदर फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। मंदिर समिति ने बताया कि उज्जैन से लाए गए करीब 51 किलो ताजे फूलों से बाबा का श्रृंगार और मंदिर का दरबार सजाया गया। फूलों की इस सजावट के बीच बाबा का दिव्य रूप भक्तों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। अजा एकादशी पर ब्यावरा शहर के अलग-अलग इलाकों और आसपास के गांवों से निशान यात्राएं भी निकाली गईं। भक्त हाथों में निशान लेकर ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों पर नाचते-गाते मंदिर पहुंचे।

पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्थाः भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति के साथ पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयं सेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं। दर्शन के लिए लाइन लगाने, भीड़ को काबू करने और ट्रैफिक को सही रखने के लिए खास इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास की मुख्य जगहों पर पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात रहे। दिनभर भक्ति भरे माहौल में भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर अजा एकादशी का पुण्य कमाया।